आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 29.05.2026 **समय : 02.10PM**

पीएम श्लोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विनम्रता, क्षमाशीलता और श्रेष्ठ आचरण ही व्यक्तित्व के सच्चे आभूषण हैं। संस्कृत का उद्धरण साझा करते हुए उन्होंने कहा कि इन्हीं गुणों के साथ देशवासी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में जुटे हैं।

गेहूं खरीदी

प्रदेश ने इस साल गेहूं खरीदी में नया रिकॉर्ड बनाया है। 100 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 104 लाख 22 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं खरीदा गया और 13 लाख से अधिक किसानों को 23 हजार 708 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि समर्थन मूल्य पर सबसे ज्यादा किसानों से गेहूं खरीदने के मामले में प्रदेश देशभर में नंबर एक है।

ट्विशा शर्मा मौत

ट्विशा शर्मा मौत मामले में सीबीआई ने सास गिरिबाला सिंह और पति समर्थ को आज कोर्ट में पेश किया, जहां दोनों की पांच-पांच दिन की रिमांड मांगी गई है। गिरिबाला सिंह पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप है। कल सात घंटे की पूछताछ के बाद उन्हें भोपाल स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। 12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में ट्विशा की संदिग्ध हालात में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके वालों ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है।

कफ सिरप छापेमारी

भोपाल में एसटीएफ ने कल रात गांधीनगर के एक मकान में छापा मारकर अवैध कफ सिरप फैक्टरी का भंडाफोड़ किया और 10 लोगों को हिरासत में लिया। मौके से 'ऑफ कफ' ब्रांड की करीब डेढ़ करोड़ रुपये की नशीली सिरप, 700 से ज्यादा पेटियां और पैकेजिंग मशीनें जब्त की गईं। मकान मालिक मालवीय फरार है और एसटीएफ पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है।

सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने देश के सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि फैसला सुरक्षित रखने के तीन महीने के भीतर उसे सुनाया जाए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि देरी से याचिकाकर्ताओं को गंभीर नुकसान हो सकता है। जमानत आवेदनों पर आदेश उसी दिन या अगले दिन सुनाकर अपलोड करना जरूरी होगा।

जल जीवन मिशन

रीवा में आज जल जीवन मिशन के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शामिल हुए। सिरमौर चौराहा स्थित कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्रा ने की। कार्यशाला का मकसद ग्राम पंचायतों को नल जल योजनाओं का संचालन सौंपना और सरपंचों व सचिवों के साथ अनुबंध प्रक्रिया पूरी करना था।।

तेल टैंकर

भारत के लिए पेट्रोलियम लेकर आ रहा तेल टैंकर 'निसोस केरोस' होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुका है और उसके 3 जून तक विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है। यह जहाज 21 मई को शारजाह से रवाना हुआ था और आज सुबह उत्तरी अरब सागर में देखा गया। ईरान ने इस महीने होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क वसूलने की घोषणा की है, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने अवैध बताया है।

पुनः परीक्षा शेड्यूल

प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा का शेड्यूल राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी कर दिया है। यह परीक्षाएं 24 जून से शुरू होकर 28 जून तक चलेंगी और सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित होंगी। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के लिए छात्रों को एडमिट कार्ड और सरकारी पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।

मौसम

अब बात मौसम की। प्रदेश में नौतपा के बीच मौसम का अजब रंग देखने को मिल रहा है। एक तरफ खजुराहो में 46.5 डिग्री तापमान के साथ भीषण गर्मी का कहर है, तो दूसरी तरफ ग्वालियर और मुरैना में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर समेत छह जिलों में लू का ऑरेंज अलर्ट और 27 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि कल से राहत मिलने के आसार हैं. वहीं 30 मई से 1 जून के बीच प्रदेश के ज्यादातर जिलों में आंधी-बारिश और ओले गिरने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

- सीहोर जिले के आष्टा में आगामी जून माह में 2 से 8 जून तक राष्ट्र स्तरीय संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा ।
- बैतूल में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।